तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 19.5 डिग्री

हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 5 जून 2025

11 पीओ पर एफआईआर के आदेश नहीं रहेंगे पेंडिंग, पुलिस को डेट बाउंड करने की प्रक्रिया शुरू

12 युवक की मौत के बाद अंतिम संस्कार की तैयारी हत्या की सूचना पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

पॉलिटेक्निक करें
नौकरी पाएं
सीटें सीमित
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
Approved by: AICTE & PCI, New Delhi
DIPLOMA IN PHARMACY
2 YEARS COURSE
Eligibility: 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)
पता: AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना | Mob. : 9992696300, 9466464921

खबर संक्षेप

रेलवे स्टेशन परिसर से बाइक चोरी

रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 8 के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। शिव कॉलोनी निवासी प्रहलाद सिंह ने जीआरपी को दर्जशिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी को ट्रेन में बैठाने के लिए घर से बाइक पर आया था। प्लेटफार्म के पास खाली जगह पर बाइक खड़ी करने के बाद वह पत्नी को ट्रेन में बैठाने के लिए चला गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद सीसीटीवी की मदद से बाइक की तलाश शुरू कर दी।

कंपनी में ड्यूटी गई महिला हुई लापता

धारूहेड़ा। एक इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत महिला घर से ड्यूटी पर जाने के बाद लापता हो गई। पुलिस शिकायत में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत है। वह 29 मई को कंपनी में जाने के बाद घर नहीं लौटी। बेटे से बात करने पर उसने बताया था कि वह घर आ रही है, परंतु उसके बाद घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चल सका। वह अपने मायके भी नहीं गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

एनडीपीएस एक्ट के तहत महिला गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रोहड़ाई पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 15 मई को नशीले पदार्थ के साथ एक आरोपी को काबू किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ रोहतक के करतारपुर की रहने वाली शीला नामक महिला ने मुहैया कराया था। उसके बाद पुलिस ने शीला की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी महिला को रोहतक से काबू कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

दुकान की दीवार तोड़कर सामान चोरी

जाटूसाना। बेरली कलां में चोर एक ऑटो रिपेयर की दुकान की दीवार तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में फतेहपुरी निवासी महेश कुमार ने बताया कि उसने बेरली कलां में ऑटो रिपेयर की दुकान की हुई है। सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो पीछे की दीवार टूटी हुई थी। चोर दुकान से पुराना सिल्वर का ताला, पुराना ताम्बा, पीतल, ऑटो की बैटरी व हुक चोरी कर ले गए। पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई पता नहीं चल सका। जाटूसाना थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रेवाड़ी। मॉडल टाउन एरिया में चोर एक अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कसोला निवासी रोहित ने बताया कि वह अल्ट्रासाउंड केंद्र में कार्य करता है। घर से बाइक लेकर वह ड्यूटी पर आया था। बाइक अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर खड़ी थी। दोपहर के समय वह बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। बाइक उसके जीजा के नाम पर पंजीकृत है। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी।

पिता के जायदाद से वंचित रखने की थी आशंका दोनों बेटों ने उतारा था लालसिंह को मौत के घाट

एक अन्य के साथ मिलकर दिया हत्या को अंजाम कसोला पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया

- सीन ऑफ क्राइम टीम को भी पुलिस ने मौके पर बुलाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत 30 मई को संगवाड़ी में हुई लालसिंह की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि पिता के जायदाद से वंचित रखने की आशंका के चलते उसके दोनों बेटे ने तीसरे युवक के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घर में ही लोहे की मूसली से सिर पर वार करने के बाद दोनों भाई बाइक पर शव नहर में डाल आए थे। मृतक के एक बेटे को पुलिस ने दो दिन पहले अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि दूसरे बेटे व उसके साथी को अब गिरफ्तार किया गया है। दोनों को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है, जबकि पहले से गिरफ्तार रोहित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया जाए।

बीते 31 मई को कालाका नहर के पास ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा था। ग्रामीणों की सूचना पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी पुलिस ने मौके पर बुलाया था। खून के निशान संगवाड़ी निवासी लालसिंह के घर तक पाए गए थे। इसके बाद शव की शिनाख्त लालसिंह के रूप में हो गई थी।

चूंकि हत्या संगवाड़ी में ही की गई थी, इसलिए बाद में कसोला पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। पुलिस ने मृतक के भाई दलसिंह के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया था। गत 2 जून को सीआईए को सूचना मिली थी संगवाड़ी निवासी रोहित पुत्र लालसिंह आसलवास फ्लाईओवर के नीचे हथियार के साथ खड़ा है। सीआईए ने मौके पर जाकर रोहित को देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने के बाद उसे कसोला पुलिस के हवाले कर दिया था। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही लालसिंह की हत्या की गुत्थी भी सुलझ गई। रोहित ने पूछताछ में बताया कि उनका पिता उसे व उसके भाई मोहित को घर से निकालने के बाद जायदाद से बेदखल करना चाहता था। इसी कारण उसने अपने भाई व बनीपुर में किराए पर रह रहे मूल रूप से यूपी के मनोहरपुर निवासी पवन कुशवाह के साथ मिलकर पिता को लोहे से मूसली के वार से मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद दोनों भाई शव को बाइक पर रखकर नहर में डाल आए थे। पुलिस ने मोहित व पवन को भी गिरफ्तार कर लिया।

रेवाड़ी। अस्पताल में पोस्टमार्टम के समय मौजूद परिजन, मृतक लालसिंह, आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया जा चुका दूसरा बेटा रोहित। फोटो :हरिभूमि

मारपीट के बाद घर से निकाले थे बेटे

पुलिस जांच में यह बात सामने है कि लालसिंह ने अपने दोनों बेटों और पत्नी को करीब दो माह पहले मारपीट करने के बाद घर निकाल दिया था। लालसिंह की पत्नी अपने मायके गांव पातुहेड़ा चली गई थी। दोनों लड़के मोहित और रोहित घर से बाहर रह रहे थे। उन्हें इस बात की आशंका थी पिता दोनों को जायदाद से वचिंत कर सकता है। लालसिंह के दोनों बेटों के आपराधिक किस्म के युवकों के साथ रहना पसंद नहीं था। बेटों को इसी बात पर धमकाना उसके लिए जानलेवा साबित हो गया।

ससुराल पक्ष के लोगों पर जताया संदेह

पोस्टमार्टम के समय मृतक के बड़े भाई दलसिंह ने अपने बयान में बताया था कि लगभग बीस साल पहले उसके छोटे भाई भालसिंह की पत्नी संतोष की मौत हो गई थी। संतोष के मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। इस केस में लालसिंह भी आरोपी था। यह केस हाईकोर्ट में विचाराधीन है। उसने भाई के ससुराल पक्ष के लोगों की लालसिंह से रंजिश होने का खुलासा करते हुए कहा था कि इसके अलावा लालसिंह की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने संतोष के मायके पक्ष के लोगों से भी पूछताछ की थी।

रेवाड़ी। पिता की हत्या में गिरफ्तार मोहित व उसका साथी। फोटो :हरिभूमि

पुलिस ने 3 साल के मासूम को परिजनों से मिलाया

- बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाड़ावास गेट पुलिस ने अग्रसेन चौक पर रोते हुए घूम रहे एक तीन साल के बच्चे को उसके परिजनों की तलाश करके सकुशल उनके हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। अग्रसेन चौक पर बुधवार को एक तीन साल के बच्चा लावारिस हालत में रोते हुए घूम रहा था। पुलिस ने बच्चे से उसके परिवार के बारे में पूछताछ की तो वह कुछ नहीं बता पाया। बच्चे को चौकी लाया गया और आसपास बाजार में उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई। पता चला कि बच्चा मोहल्ला गुलाबी बाग का रहने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया तो बच्चे की माँ ने बताया की वह आज अपने बच्चे के साथ बाजार में कुछ सामान लेने के लिए आई थी। इस दौरान उसका बेटा उसका हाथ छुड़ाकर भटक कर कहीं चला गया था। जिसकी वह अपने परिजनों साथ बाजार में तलाश कर रही थी। जो बच्चे के परिजनों ने पुलिस टीम द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ आज से

कोसली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार की ओर से 5 जून को एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति वन विभाग की नर्सरी से निःशुल्क पौधे लेकर अपनी माता की स्मृति को जीवित रखने के लिए पौधरोपण कर सकता है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने आज बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन की रक्षा के लिए पर्यावरण की रक्षा करना अति आवश्यक है। पेड़-पौधों व अन्य प्राकृतिक संपदा की बदौलत ही पशु- पक्षियों और इंसान का जीवन अनवरत चल रहा है। हर आदमी को अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय निकाल कर पेड़-पौधों के पालन-पोषण और उनकी वृद्धि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए परिवार में मां का दर्जा अहम स्थान रखता है। मां के नाम को सदा स्मरण रखने के लिए लड़के-लड़कियां, महिलाएं पुरूष एक पौधा लगा सकते हैं। कोसली उपमंडल में एक आदमी एक पौधा लगाए तो हमारी पर्यावरण की स्थिति और अधिक बेहतर हो सकती है।

जमीन की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी करने का आरोपी किया गिरफ्तार

- कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने जमीन की खरीद-फरोख्त में 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।गत वर्ष एसपी को दर्ज शिकायत में दिल्ली के पश्चिमी विहार निवासी अजीत ने बताया था कि उसके पास उत्तम नगर निवासी दयानंद बतौर चालक नौकरी करता था। वर्ष 2023 में उसने बताया कि उसका उत्तम नगर में एक प्लॉट है, जिसे वह बेचना चाहता है। प्लॉट का उसने फुल एंड फाइनल एग्रीमेंट कराया हुआ है। उसने प्लॉट खरीदने के लिए दयानंद के साथ सौदा कर लिया। उसके साथ एक और व्यक्ति मिला हुआ था। उसने शुरू में दयानंद को 6 लाख और बाद में 10 लाख रुपये दिए थे। पटवारी से पूछताछ करने पर उसे पता चला कि जमीन का इंतकाल ही रद्द हो चुका है। अजीत ने उसे गुमराह करते हुए उसे 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी का शिकार बनाया है।

रेवाड़ी। धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार दयानंद। फोटो :हरिभूमि

ट्रेनों में चोर गिरोह हो रहा बेकाबू रेल यात्री का हैंडबैग लेकर फरार

रेवाड़ी। ट्रेनों में चोर गिरोह की सक्रियता से आए दिन रेल यात्री चोरी की वारदातों का शिकार हो रहे है। जोधपुर से गुरूग्राम परिवार के साथ जा रहे एक यात्री का हैंडबैग रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ स्टेशनों के बीच चोरी हो गया। जीआरपी ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। जीआरपी गुरूग्राम को दर्ज शिकायत में हाईकोर्ट कॉलोनी जोधपुर निवासी राजकुमार हसवानी ने बताया कि वह अपनी पत्नी को इलाज के लिए गुरूग्राम के एक अस्पताल में ले जाने के लिए ट्रेन से आ रहा था। महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी स्टेशन के बीच उसकी पत्नी का हैंड बैग चोरी हो गया। हैंडबैग में ही उसका पर्स भी था। बैग में एक आई-फोन, 1 लाख रुपये व पर्स में लगभग 5 हजार रुपये तथा उसके दस्तावेज थे। ट्रेन में पूछताछ करने के बाद भी हैंडबैग का कोई पता नहीं चला। गुरूग्राम जीआरपी से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने चोरी कर केस दर्ज कर लिया।

हर तीसरे दिन चोरी की वारदात: ट्रेनों में चोरी की वारदात लगातार हो रही हैं। जीआरपी को लगभग हर तीसरे दिन चोरी का केस दर्ज करना पड़ रहा है। चोर गिरोह की ट्रेनों में सक्रियता यात्रियों के लिए नुकसान का कारण बन रही है। जीआरपी या आरपीएफ बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

सीआरपीएफ सहित दो मकानों से लाखों के जेवरात चोरी

रेवाड़ी। मसीत में चोर एक सीआरपीएफ के जवान सहित दो लोगों के मकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। जाटूसाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की भी मदद ली है। गांव निवासी वेदप्रकाश का बेटा गगन सीआरपीएफ में जम्मू कश्मीर में तैनात है। उसकी पत्नी किसी काम से सीकर गई थी। उसके माता-पिता अलग मकान में रहते हैं। जब गगन की मां उसके मकान में पहुंची, तो बाहर का गेट बंद था। अंदर मकान का दरवाजा व दो कमरों के ताले टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने गगन के पिता को चोरी की सूचना दी। चोर कमरों में रखी दो अलमारियों और संदूक से सोने की चेन, लॉकेट, टॉप्स, अंगूठी व चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरों ने पड़ोस में नरेश कुमार के मकान के ताले तोड़कर सोने की चेन, लॉकेट, टॉप्स व चांदी के जेवरात सहित 10 हजार रुपये नकदी भी चोरी कर ली।

जैन पब्लिक स्कूल की नृत्यांगनाओं ने वाराणसी में आयोजित कला कुंभ नृत्य प्रतियोगिता में अपनी धाक जमाई

वाराणसी के कला कुंभ में जेपीएस की नृत्यांगनाओं ने दिखाया जलवा

- प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल की नृत्यांगनाओं ने वाराणसी में आयोजित कला कुंभ नृत्य प्रतियोगिता में अपनी कला का जलवा बिखेरा। जहां बालिकाओं ने शास्त्रीय शैली के कत्थक एवं सेमी क्लासिकल नृत्य के विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं इस प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उनके गुरु जितेन्द्र चौहान को अमृत कलश सम्मान दिया गया। प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के साथ प्रशिक्षक एवं अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता 'कला कुंभ 2025' में जैन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की अलग-अलग श्रेणियों छात्राओं ने विभिन्न पुरस्कार जीते। पूर्वी रोहिल्ला ने शास्त्रीय कथक एकल नृत्य तथा सेमी-क्लासिकल (जूनियर) वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। भव्या रोहिल्ला ने कथक शास्त्रीय (सीनियर) तथा सेमी-क्लासिकल (सीनियर) मे प्रथम पुरस्कार पाया। साधना ने कत्थक शास्त्रीय (जूनियर) में द्वितीय पुरस्कार पाया। कत्थक के युगल नृत्य में तथा सेमी क्लासिक नृत्य में भव्या एवं पूर्वी रोहिल्ला की जोडी को प्रथम पुरस्कार पाया। कत्थक के समूह नृत्य वर्ग मे भी भव्या, पूर्वी एवं साधना को प्रथम पुरस्कार मिला। छात्राओं की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नृत्य गुरु जितेन्द्र चौहान को भी 'अमृत कलश सम्मान' से सम्मानित किया गया।

रेवाड़ी। स्कूल स्टाफ के साथ कार्यक्रम के प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

प्रबंधन ने दी विद्यार्थियों को बधाई

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, उप प्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक मोहित जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, शासकीय निकाय सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, पलका जैन एवं प्रद्युम्न जैन, प्रधानाचार्य सोनल छाबड़ा, उपप्रधानाचार्य विजय गुप्ता समेत सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं।

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

लगभग एक जैसे होते हैं कोरोना-फ्लू के लक्षण

पिछले कुछ समय से कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कृपया बताएं कि ऐसे में हम सामान्य फ्लू और कोविड के बीच अंतर कैसे पहचानें? कोविड से बचे रहने के लिए हम क्या सावधानियां बरतें?

-जीतन, रोहतक

आप कोरोना को लेकर अवेयर हैं, यह अच्छी बात है। लेकिन कोरोना और फ्लू के लक्षण लगभग एक ही जैसे होते हैं, इसलिए कोरोना की जांच करने के बाद ही इसकी पहचान हो पाती है। इससे बचने के लिए आप रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं यानी, विटामिन-सी वाले फल अधिक खाएं। इसके साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थान में जाएं तो मास्क लगाकर जाएं। हालांकि कई एक्सपर्ट डॉक्टर्स के अनुसार इस बार कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है। फिर भी जरूरी सावधानियां आपको बरतनी चाहिए।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरा गला हमेशा सूखता रहता है, जबकि मैं पर्याप्त मात्रा में पानी पीता हूं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और मेरी ये प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?

-सार्थक, रायपुर

आपका गला धूप में निकलने पर सूखता है या घर में ठंडे में रहने में भी सूखता है? धूप में रहने पर गला सूखना कोई चिंता की बात नहीं है। हालांकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है इसलिए जैसे ही शरीर में पानी की कमी होती है तो गला सूखने लगता है। अगर इसके साथ और भी कोई समस्या नहीं है तो आप चिंता ना करें, बस पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।

मेरी उम्र 48 वर्ष है। मैं स्मोकिंग की लत से परेशान हूं। कई बार कोशिश की, लेकिन मेरी यह लत पूरी तरह से छूट नहीं पा रही है। प्लीज बताएं कि मैं इस आदत से कैसे छुटकारा पाऊं?

-सिद्धांत, बिलासपुर

स्मोकिंग की लत अपने आप छोड़ पाना मुश्किल है, इसीलिए आपको किसी ऐसे सेंटर से संपर्क करना चाहिए, जहां नशा छुड़ाया जाता हो। यह काम डॉक्टरों की देख-रेख में हो सकता है। क्योंकि स्मोकिंग से बॉडी में एक तरह का केमिकल बनता है और जब आप नहीं पीते तो वह परेशानी शुरू हो जाती है। लेकिन ऐसे सेंटरों में इस तरह की दवाई दी जाती है, जिससे स्मोकिंग किए बगैर स्मोकिंग जैसा केमिकल बॉडी को मिलता है और इस दवा की डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है, जिससे वह आदत छूट जाती है।

मेरी उम्र 58 वर्ष है। हर रोज सुबह सोकर उठने पर मेरे बदन और खासकर ज्वाइंट्स में जकड़न महसूस होती है। थोड़ी देर मूवमेंट करने के बाद यह अपने-आप ठीक हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-हरीश, भोपाल

उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की समस्या शुरू हो जाती है। क्योंकि आप जब सोकर उठते हैं तो आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से रेस्ट में होती हैं, इसलिए अकड़न जैसा महसूस होता है। लेकिन जब आप एक्टिव होना शुरू होते हैं तो परेशानी दूर हो जाती है। इसके लिए एक उपाय जरूर करें कि आप नियमित रूप में सुबह और शाम एक्सरसाइज करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मेरी नाक पर ब्लैक हेड्स हो गए हैं, जो दिखने में बहुत खराब लगते हैं। मार्केट में मिलने वाले कई तरह के प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। कृपया ब्लैक हेड्स दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।

-मयंक, दुर्ग

ब्लैक हेड्स के लिए आप बाजार में उपलब्ध क्रीम का प्रयोग ना करें। यह आपकी स्किन के लिए और नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार स्किन स्पेशलिस्ट से मिल लें। वह आपको कुछ ट्रीटमेंट सजेस्ट करेंगे, जिसके अनुसार आप ट्रीटमेंट शुरू करें। उससे राहत मिलेगी। बगैर डॉक्टर के संपर्क के किसी तरह की क्रीम का इस्तेमाल न करें। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. श्रेय जैन

न्यूरो सर्जन

सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

स्पेशलः वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे, 8 जून

यह बेहद चिंता का विषय है कि 40 हजार से अधिक ब्रेन ट्यूमर के नए मामले प्रतिवर्ष भारत में दर्ज हो रहे हैं। इसके होने के कारणों को पूरी तरह रोकना तो अभी संभव नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इसकी डायग्नोसिस कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए तो इसे रिमूव किया जा सकता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

ब्रेन ट्यूमर सही समय पर डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट है जरूरी

आधुनिक मेडिकल साइंस में हुई प्रगति के कारण मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के संदर्भ में अब घबराने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। ऐसे ट्यूमर से ग्रस्त लोगों और उनके परिजनों को यह बात याद रखनी चाहिए कि समय रहते ब्रेन ट्यूमर का अब समुचित उपचार संभव है।

ऐसे पनपता है ब्रेन ट्यूमरः जैसे शरीर के अन्य भागों में कोशिकाओं की असामान्य-अनियंत्रित वृद्धि के कारण कैंसर पनपता है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क की कोशिकाओं (जिन्हें न्यूरॉन्स कहा जाता है) में अनियंत्रित वृद्धि होने से जो गांठ बन जाती है, उसे ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन कैंसर का एक स्वरूप है ब्रेन ट्यूमर। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में कैंसर के संदर्भ में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि समस्त प्रकार के ब्रेन कैंसर, ट्यूमर होते हैं, किंतु सभी ब्रेन ट्यूमर कैंसर नहीं होते। कैंसर युक्त ब्रेन ट्यूमर तमाम प्रकार के होते हैं, जो मस्तिष्क के किसी भी भाग में हो सकते हैं।

दो प्रकार के ब्रेन ट्यूमरः मस्तिष्क स्थित जो ट्यूमर कैंसर रहित होते हैं, उन्हें बिनाइन ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जिन ट्यूमर्स में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से गांठ पड़ जाती है, उन्हें मैलिग्नेंट या 'कैंसरस' ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क के टिश्यूज असामान्य रूप से तेजी से बढ़ते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क के आंतरिक भाग में दबाव बढ़ता है। नतीजतन सिरदर्द आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

प्राइमरी और मेटास्टेटिक ट्यूमरः जो ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं, उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जो ट्यूमर मस्तिष्क से परे शरीर के दूसरे अंगों जैसे किडनी, लिवर और फेफड़ों आदि के जरिए मस्तिष्क तक पहुंचते हैं, उन्हें सेकेंडरी या मेटास्टेटिक ब्रेन टयूमर कहते हैं।

क्या हैं कारण

ब्रेन ट्यूमर होने का कोई एक निश्चित कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार व्यक्ति की जेनेटिक प्रोग्रामिंग की सीक्वेसिंग में होने वाली गड़बड़ी या जींस से संबंधित गड़बड़ियों के कारण ज्यादातर ट्यूमर उत्पन्न होते हैं। बावजूद इसके कुछ ऐसी स्थितियां हैं, जिनके परिणामस्वरूप इसके होने का जोखिम बढ़ सकता है। जैसे-विकिरण (रेडिएशन) युक्त माहौल में रहना। अगर किसी वस्तु या स्थान से रेडिएशन हो रहा है तो कालांतर में ऐसे माहौल में रहने से ब्रेन ट्यूमर का जोखिम बढ़ सकता है।

प्रमुख लक्षण

सिरदर्दः सिर में लगातार दर्द रहना, लेकिन कालांतर में तेज सिरदर्द होना। ब्रेन ट्यूमर का दर्द आमतौर पर सुबह के वक्त ज्यादा होता है। सिरदर्द के साथ उल्टी होना। उल्टी के बाद सिरदर्द में तात्कालिक तौर पर राहत मिल जाती है। शरीर के किसी भाग जैसे दाएं हाथ, पैर या बाएं हाथ और पैर में कमजोरी महसूस करना।

बोलने में दिक्कतः किसी बात को समझने या फिर भाषा को समझने में दिक्कत।

दौरे पड़नाः ट्यूमर दिमाग की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) को दबाते हैं, जिसके कारण मिर्गी रोग जैसे दौरे पड़ते हैं।

नजर कमजोर होनाः नेत्र ज्योति का कम होते जाना या धुंधला दिखाई पड़ना। इनके अलावा याददाश्त कमजोर होना, पढ़ने या लिखने में परेशानी महसूस करना, हर वस्तु का दोहरा (डबल) स्वरूप दिखाई पड़ना, शारीरिक संतुलन खोना या चक्कर आना, स्वाद व सूंघने की शक्ति का कमजोर होना शामिल हैं।

ऐसी होती है डायग्नोसिस

सीटी स्कैन (ब्रेन): इसकी सहायता से मस्तिष्क के आंतरिक भागों की फोटो देखकर मर्ज की स्थिति का आकलन किया जाता है।

एमआरआई (ब्रेन): इसके अंतर्गत रेडियो सिग्नल की मदद से मस्तिष्क की संरचना से संबंधित जानकारियां ली जाती हैं।

फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन): यह आधुनिक और विशिष्ट एमआरआई है। फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन) की जांच से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी अब कहीं ज्यादा बेहतर हो चुकी है। इसका कारण यह है कि इस विशिष्ट एमआरआई से मस्तिष्क के आंतरिक भाग की गतिविधियों और ट्यूमर के कारण मस्तिष्क के अमुक भाग में हुई क्षति का सटीक आकलन किया जा सकता है।

इलाज के तरीके

सर्जरीः जांचों के आधार पर न्यूरो सर्जन यह बात सुनिश्चित करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का आकार और उसकी स्थिति क्या है। इसके बाद ही ट्यूमर की सर्जरी का निर्णय लिया जाता है। ट्यूमर हटाने के इस ऑपरेशन को क्रेनियोटॉमी कहा जाता है।

एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रियाः ब्रेन ट्यूमर को हटाने में इस प्रक्रिया का भी सहारा लिया जाता है।

विकिरण (रेडिएशन) थेरेपीः इन दिनों प्रचलन में जारी लगभग सभी रेडिएशन थेरेपीज (फोकस्ड या टारगेटेड) होती हैं। फोकस्ड या टारगेटेड यानी ऐसी रेडिएशन थेरेपी, जिससे कैंसरग्रस्त कोशिकाओं या ट्यूमर के अलावा आस-पास स्थित अन्य स्वस्थ टिश्यूज और कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचता।

गामा नाइफः एडवांस रेडियोथेरेपी प्रोसीजर गामा नाइफ से ट्यूमर को खत्म करते हैं।

साइबर नाइफ रेडिएशन थेरेपीः अगर ट्यूमर का आकार टेढ़ा है या फिर अंडाकार है, तो ऐसे मामलों में साइबर नाइफ बेहतर साबित होता है।

प्रोटॉन बीम थेरेपीः कैंसर के इलाज में यह सबसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। प्रोटॉन बीम रेडिएशन थेरेपी के अंतर्गत ब्रेन ट्यूमर को हटाने के लिए प्रोटॉन की किरणों का उपयोग करते हैं, जबकि ज्यादातर रेडिएशन थेरेपी में एक्स-रे का उपयोग होता है।

कीमोथेरेपीः इसके अंतर्गत ट्यूमर को समाप्त करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है।

क्या संभव है बचाव

फिलहाल किसी वैक्सीन या दवा से ब्रेन ट्यूमर से बचाव संभव नहीं है। हालांकि स्वास्थ्यकर जीवनशैली- जैसे नियमित व्यायाम और उचित, पौष्टिक खान-पान, जीवन के प्रति सकारात्मक सोच से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है। ये सब बातें प्राइमरी ब्रेन टयूमर्स से बचाव के संदर्भ में लागू नहीं होती हैं। हां लेकिन सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स को परोक्ष रूप से हेल्दी जीवनशैली अपनाकर रोका जा सकता है। जैसे लंग्स के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है। अब अगर कोई शख्स धूम्रपान की लत से दूर है, तो उसे लंग्स कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज कर लिवर कैंसर से बचाव किया जा सकता है। सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स वे होते हैं, जो शरीर के अन्य भागों में होने वाले कैंसरों- जैसे फेफड़ों, लिवर, किडनी और ब्रेस्ट आदि के जरिए कालांतर में मस्तिष्क में ब्रेन ट्यूमर के रूप में पनपते हैं। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

ब्रेन ट्यूमरः मिथ और फैक्ट

मिथः तमाम लोगों का मानना है कि सेल फोन या मोबाइल फोन का इस्तेमाल कालांतर में ब्रेन ट्यूमर का कारण बनता है।

तथ्यः यूके के यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में हुए एक अध्ययन के अनुसार अभी तक दुनिया भर में जो शोध, अध्ययन हुए हैं, उनसे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर होता है। बावजूद इसके तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि लंबे समय तक विकिरण (रेडिएशन) के प्रभाव में रहने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए विकिरण रहित स्वच्छ पर्यावरण और वातावरण में रहना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

मिथः तनावग्रस्त रहने से ब्रेन ट्यूमर होता है।

तथ्यः इस तरह की धारणा बेबुनियाद है। ऐसे किसी शोध, अध्ययन से फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि तनावग्रस्त रहने से व्यक्ति ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त होता है।

मिथः युवाओं को ब्रेन ट्यूमर नहीं होता है।

तथ्यः ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। चाहे वे युवा हों, वयस्क या फिर बुजुर्ग। यहां तक कि नवजात शिशु या छोटे बच्चों में भी ब्रेन ट्यूमर के मामले सामने आते हैं।

मिथः उम्र बढ़ने पर ब्रेन ट्यूमर के मामले बढ़ते हैं।

तथ्यः ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में मैलिग्नेंट ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा 1% से कम होता है।

फिटनेस फंडा / विपिन हीरो

फिटनेस से कॉन्फिडेंस बढ़ता है

हाल ही में एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'भाभीजी घर पर हैं' में मलखान सिंह के रोल में विपिन हीरो ने एंट्री की है। वे एक्टिंग पर फोकस करने के साथ अपनी फिटनेस का भी ध्यान रखते हैं। विपिन का फिटनेस फंडा, जानिए उन्हीं की जुबानी।

फिटनेस का महत्वः मेरे लिए फिटनेस सिर्फ अच्छा दिखने का जरिया नहीं है, बल्कि यह एनर्जी, कॉन्फिडेंस और पॉजिटिव सोच का एक मजबूत स्रोत है। जब आप फिट होते हैं तो आपके शरीर में एनर्जी का एक अलग ही लेवल होता है, जिससे दिनभर की जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करना आसान हो जाता है। फिटनेस से आत्मविश्वास भी बढ़ता है। जब आप खुद को शारीरिक रूप से अच्छा महसूस करते हैं, तो वह आत्मविश्वास आपके काम, रिश्तों और हर पहलू में झलकता है।

मेरा डाइट प्लानः मैं सादा, संतुलित और पौष्टिक खाना पसंद करता हूं। मेरी सुबह की शुरुआत गुनगुने नीबू पानी से होती है, जिससे शरीर डिटॉक्स होता है और दिनभर फ्रेशनेस बनी रहती है। इसके बाद नाश्ते में ओट्स या अंडे लेता हूं। कुछ हल्का लेकिन एनर्जेटिक फूड, ताकि शूटिंग के लिए ऊर्जा बनी रहे। चूंकि शो की शूटिंग कई घंटों तक चलती है, इसलिए मैं अपना लंच साथ लेकर ही सेट पर जाता हूं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि मैं जंक फूड से दूर रहूं और अपनी डाइट में कोई समझौता न करूं। लंच में दाल, चावल, सब्जी और सलाद शामिल होता है। ये शरीर को जरूरी पोषण देते हैं। रात का खाना मैं हल्का ही लेता हूं- जैसे सूप, ग्रिल्ड वेजिटेबल्स या चिकन, ताकि नींद अच्छी आए और अगला दिन एनर्जेटिक शुरू हो। मैं चीनी और जंक फूड से दूरी बनाकर रखता हूं, क्योंकि ये इंस्टेंट एनर्जी तो देते हैं, लेकिन बाद में शरीर को थका देते हैं।

मेरा वर्कआउट रूटीनः फिलहाल शूटिंग में मेरा काफी समय निकल जाता है फिर भी मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन जिम जरूर जाता हूं। कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और कभी-कभी योगा भी करता हूं। जब शूटिंग बहुत लंबी चलती है, तो सेट पर ही ब्रेक में स्ट्रेचिंग या वॉक कर लेता हूं। मेरे लिए वर्कआउट किसी टास्क की तरह नहीं बल्कि रिचार्ज होने का जरिया है। चाहे शूट कितना भी लंबा हो, मैं 30-45 मिनट का समय निकाल ही लेता हूं।

मेंटल हेल्थः मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं मेडिटेशन करता हूं, किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक सुनता हूं। कभी-कभी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताकर खुद को रिचार्ज करता हूं। मानसिक शांति उतनी ही जरूरी है, जितनी फिजिकल फिटनेस।

पाठकों को सलाहः कंसिसटेंसी इज द की- यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि एक जीवन मंत्र है। किसी भी अच्छी आदत को अपनाने और उसे बनाए रखने के लिए निरंतरता सबसे जरूरी है। शुरुआत में बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती, बस छोटे-छोटे कदम काफी होते हैं। जैसे लिफ्ट की जगह सीढ़ियां चढ़ना और खाने में तली-भुनी चीजों की जगह हेल्दी विकल्प चुनना। ये छोटे स्टेप्स धीरे-धीरे आपकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन जाते हैं और बड़ा बदलाव लाते हैं। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

इन दिनों गर्मी के मौसम में अधिकांश लोग आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक या कोई और ठंडी डिशेज खाते-पीते हैं। लेकिन कुछ लोगों को इससे सिर या कनपटी में दर्द होने लगता है। ऐसा क्यों होता है और इसका समाधान क्या है, जानिए।

ठंडा खाने या पीने से हो सकता है ब्रेन फ्रीज

सजेशन

शिखर चंद जैन

कई लोगों को ठंडी चीजें खाने या पीने से सिर या कनपटी में दर्द होता है। इसे ब्रेन फ्रीज कहते हैं। ब्रेन फ्रीज सिर के अगले हिस्से में होने वाला एक अल्पकालिक लेकिन तीव्र दर्द है। यह तब होता है, जब आप कुछ बहुत ठंडा खाते-पीते हैं या तीव्र ठंडक के वातावरण में सांस लेते हैं। इसे 'आइसक्रीम हेडेक' भी कहा जाता है क्योंकि यह अत्यधिक ठंडे खाद्य पदार्थों, जैसे जमे हुए खाद्य पदार्थों के कारण होता है।

क्या है ब्रेन फ्रीजः डॉक्टर्स ने ब्रेन फ्रीज को कोल्ड स्टीम्युलेटेड सिरदर्द के रूप में वर्गीकृत किया है। इसे मेडिकल भाषा में स्फेनोपैलेटिन गैंग्लियोन्यूरलगिया कहा जाता है। इसमें आपके माथे और कनपटियों में अचानक दर्द होता है। यह इसलिए होता है क्योंकि आपके मुंह में तालू पर अत्यधिक तापमान परिवर्तन के कारण आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और तेजी से फिर से खुल जाती हैं। यह तीव्र परिवर्तन मस्तिष्क को दर्द का संकेत भेजता है। बहुत ठंडा कुछ खाने के बाद अचानक, तीव्र सिरदर्द अकसर मस्तिष्क में रुक जाने जैसा होता है। इसीलिए ब्रेन फ्रीज शब्द का उपयोग किया जाता है।

ब्रेन फ्रीज कुछ समय तक रहता है, अकसर ठंडी चीज खाना बंद करने के 10 मिनट के भीतर यह स्वतः ठीक हो जाता है। बर्फीली हवा के तापमान में रहना अपने सिर को बहुत ठंडे पानी में डुबाना इसके अलावा, माइग्रेन से पीड़ित लोगों में ब्रेन फ्रीज होने की संभावना अधिक होती है। किशोरों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 55.2% माइग्रेन पेशेंट्स में ब्रेन फ्रीज की समस्या हो सकती है, जबकि अन्य 39.6% लोगों में यह समस्या देखी गई।

ब्रेन फ्रीज के लक्षणः ब्रेन फ्रीज के लक्षणों में शामिल हैं, माथे या कनपटियों में तेज दर्द। यह किसी ठंडी चीज के तालू (मुंह की छत) पर लगने के तुरंत बाद होता। हर किसी को इस तरह का सिरदर्द नहीं होता है। 618 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 51% ने ब्रेन फ्रीज महसूस किया।

निदानः ज्यादातर मामलों में ब्रेन फ्रीज के लिए चिकित्सा की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इसके लक्षण थोड़े समय के लिए ही रहते हैं। आप आइसक्रीम या स्मूदी को धीरे-धीरे खाने, निगलने से पहले अपने मुंह में इन्हें रखकर गर्म करने और कुछ गर्म पीने से इसके लक्षणों को रोक सकते हैं या कम कर सकते हैं। अपने मुंह के तालू को गर्म करने के लिए अपने अंगूठे को उस पर दबाएं। अंतरराष्ट्रीय सिरदर्द सोसायटी के अनुसार अगर आपको कुछ ठंडा खाने के बाद अचानक तेज सिरदर्द होता है और यह कुछ समय में ठीक नहीं होता है, तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

सावधानीः अगर अचानक तेज सिरदर्द, ठंडी हवा, पानी या भोजन के कारण नहीं होता है, तो डॉक्टर से संपर्क करें क्योंकि यह कभी-कभी मेडिकल इमरजेंसी का संकेत हो सकता है। आपको हर अचानक, तीव्र सिरदर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये कभी-कभी स्ट्रोक, मस्तिष्क संक्रमण या ट्यूमर जैसी चिकित्सा आपात स्थिति के चेतावनी संकेत हो सकते हैं। *

(जनरल फिजिशियन डॉ. एल.सी. राठी और डॉ. माधव अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

प्रिकॉशन

ललिता गोयल

आज वर्ल्ड एंवॉयर्नमेंट डे है। इस वर्ष की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है। ऐसे में आपको जरूर पता होना चाहिए कि प्लास्टिक के बर्तन में खाना हमारी हेल्थ के लिए कितना हार्मफुल हो सकता है?

हेल्थ के लिए हार्मफुल प्लास्टिक के बर्तन में खाना

आजकल लगभग हर घर में प्लास्टिक के बर्तन इस्तेमाल हो रहे हैं। चाय पीने से लेकर खाना खाने तक में प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक का यूज हमारी सेहत पर कितना खराब असर डाल सकता है?

क्या कहती है स्टडीः हाल ही में साइंस डायरेक्ट डॉट कॉम में प्रकाशित एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि प्लास्टिक के डिब्बे में खाना खाने से हार्ट फेलियर का खतरा बढ़ सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक के बर्तन पेट के लिए जहर की तरह होते हैं। प्लास्टिक के डिब्बों में रखा खाना खाने से छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण खाने में मिल जाते हैं और हमारे पाचक अंगों तक पहुंच जाते हैं। पेट में रहने वाले अच्छे बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाते हैं और दिल की बीमारियों का खतरा भी हो सकता है।

किस तरह है खतरनाकः प्लास्टिक को बनाने के लिए बीपीए का इस्तेमाल किया जाता है। बीपीए से बने कंटेनरों में खाना गर्म करके खाने से भोजन में बीपीए का स्तर बढ़ जाता है और यह बड़ी मात्रा में शरीर के लिए जहरीला हो सकता है। बीपीए से शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन असंतुलित हो सकता है, जिसके कारण मूड में बदलाव, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, ऑयली स्किन, नींद न आना, तनाव, चिड़चिड़ापन, चिंता, कैंसर डिजीज होने का खतरा भी रहता है। इसकी वजह से महिलाओं की इंफर्टिलिटी की शिकायत हो सकती है। लंबे समय तक बच्चों को प्लास्टिक प्लेट में खाना खिलाने से बच्चों की इम्यूनिटी भी वीक हो सकती है। इसके अलावा अगर गर्भवती महिलाएं प्लास्टिक बर्तनों का लंबे समय तक इस्तेमाल करती हैं तो इससे होने वाले बच्चे के जन्म में भी विकार हो सकता है।

रखें ध्यानः माइक्रोवेव में प्लास्टिक के बर्तन में खाना गरम करने से कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स खाने में मिल जाते हैं। इसलिए माइक्रोवेव में प्लास्टिक के बर्तन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसी तरह पानी की बोतल को भी गर्म होने से बचाएं। प्लास्टिक की बोतलों में पानी ना पीएं इससे भी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल का बार-बार इस्तेमाल भी ना करें। खाने के सामान रखने के लिए केवल कांच या स्टेनलेस स्टील के कंटेनर ही चुनें। प्लास्टिक के बर्तनों में खाना गर्म करने से बचें। यह बहुत हार्मफुल हो सकता है। *

(सीनियर फिजिशियन डॉ. जे. के. गुप्ता से बातचीत पर आधारित)

हृदय रोग का खतरा

प्लास्टिक के बर्तनों में गरम खाना रखने से माइक्रोप्लास्टिक निकलता है, जो खाए जाने वाले भोजन में मिल जाता है और फिर आंतों में पहुंच जाता है। इससे आंतों की परत को नुकसान पहुंचता है, जिससे आंतों में समस्या हो सकती है। हानिकारक कोशिकाओं के रक्त में प्रवेश करने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जो शरीर के सर्कुलेशन सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

खबर संक्षेप

नमन हत्याकांड का चौथा आरोपी काबू

रेवाड़ी। गत 24 मई को कुतुबपुर में दो युवकों पर हमला करने के बाद एक युवक की मौत मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। सीआईए ने हत्या के तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

कुतुबपुर निवासी नितेश ने रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके पास 25 मई की शाम को उसका दोस्त कुतुबपुर निवासी नमन आया था। इसके बाद वह और नमन उसकी स्कूटी से फ्लाईओवर के नीचे से नाइवाली चौक की ओर जा रहे थे।

पिस्तौल बरामदगी में सप्लायर गिरफ्तार

हिसार। पुलिस की एबीवीटी टीम ने 30 मई को गांव चुली बागड़ियान दड़ौली रोड से अवैध पिस्तोल व तीन कारतूस बरामदगी मामले में हथियार सप्लायर आरोपी चुली बागड़ियान निवासी रमेश को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी ने मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी कैलाश उर्फ कुकी को 60 हजार रुपये में अवैध पिस्तोल बेचा था, जिसे वह उत्तर प्रदेश से 40 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। पुलिस के अनुसार एबीवीटी टीम ने 30 मई को गश्त के दौरान चुली बागड़ियान कुकी को गिरफ्तार किया था।

अदालतों में सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं होने पर सख्ती

पीओ पर एफआईआर के आदेश नहीं रहेंगे पेंडिंग पुलिस को डेट बाउंड करने की प्रक्रिया शुरू

केस दर्ज करने के बाद कोर्ट को रिपोर्ट भेजने के लिए अवधि निर्धारित, बावल पुलिस स्टेशन में एक ही दिन में दर्ज करनी पड़ी 6 पीओ पर एफआईआर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। जिला न्यायिक परिसर का फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

अदालतों में सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं होने वाले आरोपियों को उद्घोषित अपराधी यानि पीओ करार दिए जाने के बाद संबंधित थाना पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए जाते हैं। कोर्ट के आदेश पुलिस थानों में कई दिनों तक धूल फांकते रहते हैं। जांच अधिकारी फुर्सत के क्षणों में ही इन आदेशों को अमलीजामा पहनाते हुए पीओ के खिलाफ केस दर्ज करते हैं। अदालतों ने अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रक्रिया में बदलाव किया है। पुलिस को आदेश जारी करते समय लिखा जाने लगा है कि बताई गई तारीख तक कोर्ट को एफआईआर दर्ज करने की रिपोर्ट पेश की जाए। इन्हीं आदेशों के चलते बावल थाना पुलिस को एक ही दिन में 6 पीओ के खिलाफ केस दर्ज करने पड़े हैं।

कोर्ट किसी केस में पीओ घोषित किए गए आरोपी के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस को भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत केस दर्ज करने के आदेश करते हैं। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करने के बाद एक ओर जहां पुलिस को आरोपी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करना होता है, तो दूसरी ओर कुर्क करने के लिए उनकी संपत्ति का ब्योरा भी संबंधित अदालत को देना होता है। अभी तक ऐसा होता रहा है कि बहुत कम मामलों में कोर्ट की ओर से जारी आदेशों पर तुरंत एफआईआर दर्ज होती हो। एफआईआर दर्ज करने के आदेश कई दिनों तक पेंडिंग रहते हैं। कई मामले में तीन से चार माह तक दर्ज नहीं होते। गत वर्ष पीओ के पेंडिंग केस दर्ज कराने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हुई थी, जिसके बाद एक ही दिन में कई पुलिस थानों में दो दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हुए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीओ के खिलाफ तुरंत केस दर्ज कराने के लिए अदालतों ने अब पुलिस को डेट बाउंड करना शुरू कर दिया है। इससे पुलिस को अदालत की ओर से तय समय सीमा में केस दर्ज करने के बाद कोर्ट को रिपोर्ट भेजनी होगी।

पहली बार मिले डेट बाउंड आदेश

अभी तक कोर्ट की ओर से घोषित पीओ के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए समय सीमा नहीं होती थी। पहली बार कोर्ट की ओर से आदेशों में डेट बाउंड किया गया है। कोर्ट की ओर से निर्धारित समयावधि में ही एफआईआर दर्ज की गई हैं। -संजय कुमार, एसएचओ, बावल।

समय की कमी भी बन रही बाधा

पुलिस विभाग में जांच अधिकारियों की भारी कमी बनी हुई है। कोर्ट से मिलने वाले आदेशों पर केस आईओ ही दर्ज करते हैं। ज्यादातर आईओ दूसरे जांच कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिस कारण कोर्ट से मिलने वाले आदेशों पर एफआईआर दर्ज करने का समय नहीं लगता। खासकर पीओ के मामले में आईओ जब खाली होते हैं, तभी केस दर्ज किए जाते हैं। कई बार थाना क्षेत्र का आरोपी होने के कारण पहले उसे काबू किया जाता है। उसके बाद ही केस दर्ज किया जाता है, ताकि मामला पेंडिंग नहीं रहे।

इन केसों में दर्ज की गई एफआईआर

थाना बावल पुलिस को पीओ घोषित किए गए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद कोर्ट को 3 जून तक रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में 6 केस दर्ज किए। इनमें पीओ घोषित किए गए मनोज कुमार, हरमिन्द्र, नरेश कुमार, सौरव शर्मा, श्यामबीर सिंह व हरमिंद्र सिंह शामिल हैं। मॉडल टाउन थाने में भी कोर्ट के आदेश पर मोहम्मद कैफ व सतबीर उर्फ जाहिद के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ही कोर्ट को इसकी रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी।

रेवाड़ी। बस स्टैंड पर लोगों को जागरूक करते साइबर एक्सपर्ट। फोटो : हरिभूमि

साइबर ठगों से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साउथ रेंज साइबर थाना प्रभारी फूल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को सामान्य बस स्टैंड पर अभियान चलाकर लोगों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया। साइबर विशेषज्ञ एएसआई संदीप कुमार व एचसी हरिओम की टीम ने लोगों को बताया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के होते हैं जिनसे सभी को बचना होगा। वैसे जिला रेवाड़ी में साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो लगातार इस दिशा में काम रही है। इसके लिए सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम संबंधित संचार साथी पोर्टल तथा टेफ्को पोर्टल के बारे में भी बताया जिसमें अपना फोन नंबर इंटर करके पर यह पता लगाया जा सकता है कि एक आदमी के नाम से कितने सिम जारी हुई है।

सावधानी बरते

इस दौरान साइबर विशेषज्ञों ने आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में आमजन को जागरूक रहने के लिए कहा गया।

पटाखों के भंडारण और बिक्री पर रोक कोर्ट के आदेशों का होगा पालनः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को दी गई हिदायतें

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के तहत हरियाणा प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में जनहित में सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री व फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश हरियाणा सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने न्यायालय के आदेश की अनुपालना में जारी किए गए हैं। जिलाधीश एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला में सभी को इस आदेश का सख्ती से पालन करना होगा। डीसी ने बताया कि आदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता की निगरानी रखें। डीसी मीणा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में पटाखों से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने हेतु उपमंडल स्तर पर शिकायत निवारण समितियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री या उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेंगी।

किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

- विकसित कृषि संकल्प अभियान जारी, आठ गांवों के किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। किसानों को ययोजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला रेवाड़ी में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया है, जो कि 12 जून तक जारी रहेगा।

कृषि विभाग के उप निदेशक विजेंद्र अहलावत ने कहा कि कृषि संकल्प अभियान के तहत रेवाड़ी जिला के गांव डूंगरवास, ढोहकी, मालाहेड़ा, गाधला, मलेसियावास, शादीपुर, कालूवास, खडगवास में विभाग की चार टीमों ने ग्रामीण किसानों के साथ संवाद कर उन्हें जागरूक किया। विभागीय अधिकारियों तथा विशेषज्ञों ने किसानों को मत्स्य पालन, बागवानी, कृषि यंत्र, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति, जैविक खाद आदि की जानकारी दी। उप-निदेशक ने बताया कि यह अभियान 12 जून तक जारी रहेगा।

इस दौरान पानी-मिट्टी की जांच, खेती से जुड़े पोर्टल, ऑनलाइन प्रसारित किए जा रहे खेती के कार्यक्रम आदि के बारे में किसानों को बताया जाएगा। विभाग का उद्देश्य है कि किसान अपने उपलब्ध संसाधनों के जरिए अधिक से अधिक फसल उत्पादन करें और अपनी आजीविका में वृद्धि करें। इस कार्य में ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

खबर संक्षेप

एससी वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण के आवेदन मांगे

रेवाड़ी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग हरियाणा पंचकूला की ओर से अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए निशुल्क आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन पत्र मूरथल के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। जिला कल्याण अधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आवासीय रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक सभी आवेदक आवेदन पत्र के साथ मार्कशीट, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता की प्रति तथा रंगीन पासपोर्ट साइज पांच फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ सिपेट मुरथल सोनीपत में आवेदन कर सकते हैं। जो उम्मीदवार सिपेट के किसी केंद्र से प्रशिक्षण पूरा कर चुके है वो आवेदन के पात्र नहीं होंगें। प्रवेश प्रक्रिया संस्थान के नियमानुसार की जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 7678329863, 9066356322, 8930401087 या पर संपर्क कर सकते हैं।

पीएम श्री स्कूल पाल्हावास की छात्रा खुशी ने जेईई एडवांस में लहराया परचम

रेवाड़ी पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास की छात्रा खुशी पुत्री प्रवीण कुमार ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया रैंक 8200 के साथ सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की प्राचार्या शोभा भारद्वाज ने बताया कि खुशी द्वारा प्राप्त की गई यह सफलता उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने बताया कि पाल्हावास गांव से कर्नल जितेंद्र यादव द्वारा प्रतिवर्ष दी जाने वाली स्कॉलरशिप से इस बच्ची ने दो साल रेवाड़ी में कोचिंग भी प्राप्त की है और कर्नल जितेंद्र द्वारा आगे भी खुशी को 3 वर्ष तक फ्री शिक्षा दिलाने का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर गांव की तरफ से भूतपूर्व सरपंच राव गजराज सिंह, रमेश बोहरा, दिलीप शास्त्री, वेद प्रकाश, सरपंच महेश कुमार, सुनील यादव, हेड मास्टर लाल सिंह सहित विद्यालय के विद्यार्थियों को हर संभव मदद करने वाले कर्नल जितेंद्र यादव द्वारा खुशी के परिवार को हार्दिक बधाई दी गई। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य चंद्र प्रकाश यादव, प्रिंसिपल गुरावड़ा प्रहलाद सिंह, पीजीटी पॉलीटिकल साइंस मुकेश यादव, पीजीटी केमेस्ट्री सुमन यादव, पीजीटी केमेस्ट्री सोनू यादव, इंग्लिश सतीश कुमार पीजीटी, पीजीटी फिजिक्स वंदना, पीजीटी हिंदी उर्मिला, पीजीटी गणित किरण सहित स्टाफ के अन्य सभी सदस्यों ने खुशी की सफलता पर बधाई दी।

कर्मपाल को बनाया संस्था का प्रदेश सचिव

रेवाड़ी राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के प्रदेश महामंत्री डॉ. रघुनाथ विश्वप्रेमी ने जिले के गांव कंहोरा निवासी कर्मपाल को संस्था का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति और राष्ट्रीय कोर कमेटी और हरियाणा कोर कमेटी के साथ विचार विमर्श के बाद की गई है। डा. विश्वप्रेमी ने कहा कि कर्मपाल की यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए की गई है। कर्मपाल ने उनके इस नियुक्ति के लिए परिषद के उच्च पदाधिकारियों का आभार जताते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ अपना काम करने का आश्वासन दिया।

जल तीर्थों की निर्मलता के लिए सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। सम्मेलन को संबोधित करते चीफ गेस्ट व मौजूद लोग।

जल-तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए संकल्पित संगठन गंगा समग्र रेवाड़ी कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को बाल विकास विद्यालय माजरा गुरूदास में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रान्त के सह प्रचार प्रमुख लक्ष्मी नारायण ने कहा कि संघ शाखा लगाता है लेकिन स्वयंसेवक आज समाज की आवश्यकता अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में इतने प्रकल्प चला रहे हैं जिनकी गिनती करना कठिन है। गंगा समग्र जल-तीर्थों की अविरलता, निर्मलता एवं जल-संरक्षण के लिए काम कर रहा है।रेवाड़ी जिले में जिस जोश के साथ इतनी संख्या में आप कार्यकतार्ओं की उपस्थिति हुई वह प्रशंसनीय है। हरियाणा प्रान्त के संयोजक सतपाल शर्मा ने कहा कि प्रान्त के प्रत्येक जिले में गंगा समग्र का गठन हो गया है और आप कार्यकर्ताओं की तत्परता से सभी जिलों में संगठन के कार्यक्रम सम्पन्न हो रहें हैं। आज गंगा दशहरा के परिप्रेक्ष्य में जन जागरण हेतु यहां का कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है। राष्ट्रीय सह सम्पर्क प्रमुख गिरीश नारायण चतुर्वेदी ने कहा कि अपने सर संघचालक जी ने और गंगा समग्र के पालक सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल जी ने जल-तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए राम मंदिर से भी बड़ा आन्दोलन खड़ा करने को कहा है। उसके शुभारंभ का समय आ गया है।

समस्या को संकलित करके कराएं समाधान

आप अपने यहां के जल-तीर्थों की समस्या को संकलित करें और उसके समाधान के लिए धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन की योजना बनावें। इसके लिए संगठन को सशक्त बनावें। आभार प्रदर्शन जिला संयोजक भूपेन्द्र यादव ने किया। सम्मेलन को पूर्व आईपीएस नरेश कुमार यादव, पूर्व आइएएस जवाहरलाल द्विवेदी तथा भाग संयोजक राकेश यादव ने भी संबोधित किया। गंगा आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। रेवाड़ी जिले के टीम की घोषणा प्रान्त संयोजक ने किया। संचालन राम नरेश ने किया। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता किया।

आईजीयू में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

- सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित कोई भी परिवर्तन शुद्धिपत्र नोटिस जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में नए शैक्षणिक स्तर के लिए विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों के विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स एमए, एमकॉम, एमएससी, एमसीए आदि में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 जून 2025 से आरंभ हो गए हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकता है। प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई से 8 जुलाई 2025 के मध्य होगी। प्रथम मेरिट सूची 11 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी एवं प्रथम काउंसलिंग 14 जुलाई 2025 को होगी। अभ्यर्थी 27 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र/नोटिस/जानकार ी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों की सूची, काउंसलिंग का कार्यक्रम और कक्षाओं की शुरूआत विस्तृत सूचना विवरणिका सत्र 2025-26 विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

मानसून आने से पहले सभी नालों की सफाई हो निश्चित

मानसून सीजन में बरसात के मद्देनजर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए टीम अलर्ट रहें

नालों की सफाई व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे उपायुक्त, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेवाड़ी। नालों व सीवर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए डीसी।

डीसी अभिषेक मीणा ने मानसून सीजन में बरसात के कारण पैदा होने वाली जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के बावल रोड से नया गांव स्ट्रॉम वॉटर डिस्पोजल प्लांट सहित कृष्ण नगर चौक, कालाका, रामगढ़-भगवानपुर रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नालों व सीवरेज की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मीणा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के क्षेत्रों में बॉक्स टाइप नालों की सफाई, हाइड्रोलिक मशीन और बकेट टाइप उपकरणों से तेजी से की जानी सुनिश्चित हो। जिला प्रशासन द्वारा एक ठोस कार्य योजना बनाई गई है जिसके अंतर्गत नियमित निगरानी, रिपोर्टिंग और जन-सहयोग से जलभराव की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के दौरान कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, इसके लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में कोई भी नाला बिना सफाई के नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन में बरसात के मद्देनजर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए टीम पूरी तरह अलर्ट रहें और फील्ड में जाकर संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करें ताकि जिला में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

बारिश में जलभराव का रखें ध्यान

डीसी ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते हुए जलभराव न होने दें। उन्होंने रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद, सिंचाई, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व जनस्वास्थ्य विभाग के साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल निकासी के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने बारे सख्त निर्देश दिए।

समय रहते किए जाएं सभी प्रबंध पूरे

डीसी ने कहा कि सीवरेज सिस्टम में सफाई और जल निकासी की पूरी व्यवस्था समय रहते पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि शहर के सीवरेज, नालों सहित सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डीसी ने निर्देश दिए कि जनस्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव न हो इसके लिए मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

पदोन्नति पर पुलिसकर्मियों को आईजी ने लगाए स्टार

रेवाड़ी। पुलिसकर्मियों के कंधे पर स्टार लगाते हुए आईजी अशोक कुमार।

रेवाड़ी साउथ रेंज आईजीपी अशोक कुमार ने रेंज में तैनात पदोन्नति पाने वाले मुख्य सिपाही किरान्ता कुमारी व पोप सिंह के कंधों पर स्टार लगाकर सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का इमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। उन्होंने नव पदोन्नत हुए दोनों सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनाएं देते हुए कहा अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं और उन्हे पूरा भरोसा है की वे अपनी जिम्मेदारी को उचित प्रकार से निभाएंगे।

सूचना

हम, सोनू पुत्र श्री रतीराम व श्रीमती सुशीला पत्नी श्री सोनू निवासी ओढी तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र घनश्याम व उसकी पत्नी अंजली और हमारा दूसरा पुत्र सुमित व उसकी पत्नी अंशू हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

कब्जा करने के मामले में सात लोग गिरफ्तार

रेवाड़ी। कोर्ट की स्टे के बावजूद काकोड़िया में जमीन पर कब्जा करने और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जयभगवान की शिकायत पर 26 मई को गांव के कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने आरोप लगाया था कि कब्जा करने का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने गजेन्द्र, सुनील कुमार, अनिल कुमार, सुरेन्द्र पाल यादव, सज्जन पाल व महाबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

अपहरण व लूट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने करीब तीन साल पहले दिल्ली-जयपुर हाइवे पर असाही पुल के निकट कंटेनर चालक को बंधक बना कर मोबाइल से भरे कंटेनर को लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला देवास के गांव भैरवा खेड़ी निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 15 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। लुटेरे चालक का अपहरण करने के बाद 4 करोड़ रुपये से अधिक के मोबाइल लूट ले गए थे।

नठेड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह 10 को

कोसली। कोसली के नठेड़ा गांव के लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव तथा उनकी अर्धांगिनी अमरप्रभा यादव की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर 10 जून को नठेडा में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते समारोह समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त हेडमास्टर सज्जन सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मौजूद रहेंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले क्षेत्र के महानुभावों को सम्मानित तथा प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

युवक की मौत के बाद अंतिम संस्कार की तैयारी, हत्या की सूचना पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

श्मशान घाट पहुंची पुलिस टीम से मचा हड़कंप सामान्य अस्पताल में करवाया पोस्टमार्टम

- युवक की शादी लगभग एक माह पहले ही हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौत के बाद सेक्टर-1 के श्मशान घाट में युवक का अंतिम संस्कार कराने पहुंचे लोगों में उसे समय हड़कंप मच गया, जब वहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए। पुलिस ने श्मशान घाट में रखे शव को कब्जे में लेकर पहले पोस्टमार्टम कराया, उसके बाद उसे परिजनों के हवाले किया। पुलिस युवक की हत्या करने के बाद शव का अंतिम संस्कार करने की सूचना पर हरकत में आई थी।

बुधवार सुबह एक युवक की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। इसी बीच एक के बाद एक पुलिस की पांच गाड़ियों में 20 से ज्यादा जवान पहुंच गए। कुछ देर बाद ही माडल टाउन थाना प्रभारी सीमा कुमारी भी पहुंच गई। अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे लोगों के पुलिस को देख होश उड़ गए।

जिस युवक की मौत हुई है, पुलिस को कंट्रोल रूम पर उसकी हत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है। साथ ही उसके परिजनों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। बिहार के जिला बेगूसराय में चिरंजीपुर का रहने वाला 18 वर्षीय सीमंत अपने बड़े भाई के साथ शहर के ढालियावास में किराये पर रहता था। वह शहर में ही मजदूरी करता था। रोजाना की तरह मंगलवार की शाम भी काम करने के बाद घर पहुंचा था। इसी दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद स्वजन उसे घर ले आए। दोबारा तबीयत बिगड़ने पर उसे फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान सीमंत की मौत हो गई। युवक की शादी लगभग एक माह पहले ही हुई थी। उसकी मौत से हाथ की मेहंदी सूखने से पहले उसकी पत्नी का सुहाग उजड़ गया है।

रेवाड़ी। श्मशान घाट से शव उठवाने के लिए पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

पुलिस को मिली थी हत्या की सूचना

सीमंत के बड़े भाई सीपेन सहित उनके आसपास रहने वाले दो दर्जन से अधिक लोग अंतिम संस्कार करने के लिए शव को लेकर बुधवार सुबह सेक्टर-1 स्थित श्मशान भूमि में पहुंचे थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को कंट्रोल रूम पर सूचना दे दी कि एक युवक की हत्या के बाद उसके शव का चुपचाप तरीके से सेक्टर एक में अंतिम संस्कार किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस तुरंत श्मशान भूमि में पहुंची और शव को कब्जे में लिया। परिजनों से पूछताछ करने पर सीमंत के बीमार होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है।

रेवाड़ी। एक माह पूर्व हुई सीमंत की शादी का फाइल फोटो।

हत्या की सूचना के बाद कराया पोस्टमार्टम

पुलिस को युवक की हत्या के बाद अंतिम संस्कार करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद श्मशान जाकर शव को कब्जे में लिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है।

-सीमा, एसएचओ, मॉडल टाउन।

रेवाड़ी। एसपी को ज्ञापन देते हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

हिंदू संगठनों ने बकरीद पर गोतस्करी पर रोक लगाने की मांग की

- गोतस्करी पर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की
- एसपी हेमेंद्र मीणा ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में पुलिस की ओर से ठोस कदम उठाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिन्दू संघठनो के सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक शिष्टमंडल ने ढीसी व एसपी से मुलाकात की। संगठनों के पदाधिकारियों ने गोतस्करी पर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की।

एसपी से मिले हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि बकरीद पर मेवात क्षेत्र में हजारों गायों का कत्ल होने की आशंका है। इसके लिए गोतश्कर लगातार इस क्षेत्र से गाएं मेवात ले जा रहे हैं। पुलिस को गोतस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। एसपी हेमेंद्र मीणा ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि इस दिशा में पुलिस की ओर से ठोस कदम उठाया जाएगा। जिले में कड़ी नाकाबंदी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा की विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के गोरक्षों द्वारा यदि पुलिस को कोई इनपुट दी जाती है और उस पर कोई ढील दिखाई देती है या कार्रवाई नहीं होती तो निसंकोच वे उन्हें सीधा सूचना दें सकते हैं। गोरक्षकों का पुलिस को सहयोग कानून के दायरे में स्वागत योग्य रहेगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद से राधेश्याम मित्तल-जिला अध्यक्ष, राजकुमार यादव-जिला मंत्री, शिवकुमार शर्मा, पवन भारद्वाज-सामाजिक समरसता आयाम प्रमुख, शिवकुमार चांदनवास-बजरंग दल रेवाड़ी और अनिल आर्य पाल्हावास आदि मौजूद रहे।

रेवाड़ी। पक्षियों के लिए कृत्रिम घोंसले वितरित करते फाउंडेशन के सदस्य।

अपना मन फाउंडेशन ने शुरू किया 'हर दिन पर्यावरण दिवस' अभियान

रेवाड़ी। सामाजिक संस्था अपना मन फाउंडेशन की ओर से बुधवार से 'हर दिन पर्यावरण दिवस' अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें लोगों को पौधे लगाने के साथ-साथ अपने मकानों पर घोंसले लगाने का संदेश भी दिया गया। जब लोग पर्यावरण दिवस को सिर्फ एक तारीख तक सीमित कर देते हैं, वहीं 'अपना मन फाउंडेशन' ने यह साबित कर दिया कि प्रकृति का सम्मान केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए। फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि पक्षियों के लिए सुंदर व सुरक्षित घोंसले भी अपने घरों पर लगाएं। यह संदेश देने के लिए कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार या संगठनों का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। टीम की सदस्य अनुराधा सैनी ने कहा कि आज हमारा वातावरण संकट में है। हवा जहरीली होती जा रही है। जल स्रोत सूख रहे हैं और जैव विविधता खत्म हो रही है। इस स्थिति को बदलने का समय अब है। हमें अब बातों से आगे बढ़कर काम करना होगा। पौधरोपण करना, जल को बचाना, कचरा प्रबंधन सीखना, और पक्षियों व जानवरों के लिए सुरक्षित स्थान बनाना होगा। इस अभियान में कृपाल, दीपिका, राहुल, सूरज, दीपक और संभव जैसे युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सुविधा की बजाय आफत की लिफ्ट, लाइट जाते ही फंस जाते हैं लोग

- पंद्रह दिन पहले ही चालू हुई थी एसडीएम ऑफिस की लिफ्ट
- व्यवस्था नहीं होने के कारण बिजली जाते ही अटक रही रास्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

लगभग दो वर्ष पूर्व नेशनल हाइवे के पास बनाए गए एसडीएम कार्यालय की लिफ्ट इसकी सुविधा लेने वाले लोगों के लिए आफत साबित होने लगी है। लाइट जाते ही लिफ्ट बीच रास्ते में अटक जाती है, जिससे इसमें सवार लोगों की सांस सांसद में फंस जाती है। एक सप्ताह में तीन बार लोग लिफ्ट में फंस चुके हैं।

एसडीएम ऑफिस की बिल्डिंग का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने कराया था। इस तीन मंजिला भवन में ऊपर की मंजिलों तक आने-जाने के लिए लिफ्ट लगाई हुई है।

कई दिनों से लिफ्ट चालू नहीं होने के कारण लोगों को ऊपर की मंजिल तक आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लोग लगातार लिफ्ट चालू कराने की मांग कर रहे थे। लगभग 15 दिन पहले ही लिफ्ट को चालू किया गया, तो लोगों को राहत मिली थी। लिफ्ट ऑपरेट करने के लिए बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह अब आफत भी साबित होने लगी। बिजली गुल होने के साथ ही लिफ्ट भी बंद हो जाती है। परेशानी वहां बढ़ती है, जब बीच में लिफ्ट अटक जाती है।

उसमें फंसे लोगों की जान सांसत में फंस जाती है। बिजली आने तक उसमें फंसे लोगों को भारी गर्मी के मौसम में बाहर आने का इंतजार करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि लिफ्ट का संचालन अभी तक बिजली पर ही आधारित है।

इसे पूरी तरह से जनरेटर से नहीं जोड़ा गया है, जिस कारण बिजली जाते ही लिफ्ट बंद हो जाती है। गर्मी के मौसम में पावर कटों की समस्या ने भी लिफ्ट के संचालन में दिक्कतें खड़ी की हुई हैं। जिन लोगों को लिफ्ट के रासते में ही अटकने की जानकारी है, वह इससे तौबा करते हुए सीढियों का ही सहारा ले रहे हैं। अनजान लोग ही लिफ्ट का सहारा लेते हैं।

बावल। एडीएम कार्यालय में लगी हुई लिफ्ट। फोटो : हरिभूमि

सप्ताह में तीन बार अटक चुकी

लिफ्ट में फंसने का दंश झेल चुके रामानंद, सुरेंद्र नंबरदार व कपूर सिंह ने बताया कि बीच रास्त में लिफ्ट बंद होने के कारण वह पसीने में भीग गए। उन्हें भारी घबराहट होने लगी थी। उनके पास लिफ्ट खुलने तक इंतजार करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचा था। जब ऑफिस के कर्मचारियों को लिफ्ट में लोगों के फंसने की जानकारी मिली, तो जनरेटर से लाइट जोड़कर उन्हें लिफ्ट से बाहर निकाला गया। सप्ताह में तीन बार अटक चुकी है। जानकारों के मुताबिक लिफ्ट में फंसने से हर्ट या अन्य रोगियों को भारी परेशानी हो सकती है। इससे जान तक जा सकती है।

पीडब्ल्यूडी को दिए गए आदेश

लिफ्ट के लाइट जाते ही बीच में अटकने का मामला मेरी जानकारी में आ चुका है। इसका सकुशल संचालन सुनिश्चित कराने के लिए पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए गए हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

-उदयसिंह, एसडीएम बावल।

योग दिवस को लेकर की जा रहीं सभी तैयारियां

कोसली। कोसली के राजीव गांधी खेल स्टेडियम परिसर में उपमंडल स्तर पर 21 जून को सुबह 6 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम विजय कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2015 से 21 जून को हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी उपमंडल स्तर पर योग दिवस का आयोजन कोसली के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग के प्रति जागरूकता के लिए उपमंडल के सभी स्कूलों में योग कक्षाएं आयोजित की गई। जिनमें छात्र-छात्राओं को योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करवाया गया। हरियाणा योग आयोग, उपमंडल प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में सभी सरकारी विभागों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को अपना सहयोग देना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने के लिए उपमंडल में कोई भी ग्राम पंचायत या विभाग आयुष विभाग के योग सहायकों की सेवाएं ले सकती हैं। योग दिवस के प्रति जागरूकता के लिए सभी गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में पतंजलि योग समिति, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान आदि अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

राहुल ने जेईई एडवांस में पहले प्रयास में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र राहुल ने प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें उन्हें अखिल भारतीय रैंक 3662 प्राप्त हुई है। राहुल की सफलता उसके समर्पण, स्कूल की मजबूत शैक्षणिक नींव और उसके पिता राजू के अटूट समर्थन का परिणाम है, जिन्होंने उसकी तैयारी के दौरान उसे लगातार प्रेरित और मार्गदर्शन किया। राजू के प्रोत्साहन ने राहुल की सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल ने माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में अपनी नियमित कक्षाओं के सहयोग से अपनी लगन और प्रतिबद्धता के माध्यम से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल के पूरे प्रबंधन और संकाय ने राहुल को हार्दिक बधाई दी। अध्यक्ष प्रवीण गोयल, प्रबंध निदेशक सुनीता गोयल, मानद निदेशक तारुशी गोयल, संचालन निदेशक प्रतीक गोयल, प्रधानाचार्य समर कुमार और वरिष्ठ समन्वयक रोहित जांगिड़ ने व्यक्तिगत रूप से राहुल को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की।

नूंह के किसानों के समर्थन में प्रदर्शन, सीटीएम को दिया संगठन ने ज्ञापन

रेवाड़ी। आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के तत्वाधान में नूह जिला के 9 गांवों की भूमि अधिग्रहण करने के बदले किसानों की 71 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा की मांग को सरकार पूरा करने की मांग को लेकर शहर में प्रदर्शन करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट की मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के जिला प्रधान रामकुमार निमोठ, उपाध्यक्ष अमर सिंह राजपुरा, एवम मोहिन्दर सिंह खोल ने किया। किसान नेता कामरेड राजेन्द्र सिंह कहा कि कांग्रेस सरकार ने 9 गांवो की कृषि जमीन का अधिग्रहण किया था। सरकार ने 25 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुवाहजा तय किया था और किसानों के विरोध के बावजूद सरकार ने कहा था कि बकाया 46 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से दे दिया जाएगा। परन्तु किसानों के साथ धोखाधड़ी की गई और 21 लाख प्रति एकड़ ही दिया गया। बकाया 25 लाख रुपये के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इन्कार कर दिया।

छात्र के साथ मारपीट के आरोप में तीन के खिलाफ केस दर्ज

डहीना। कंवाली सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस चौकी ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दर्ज शिकायत में कंवाली निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसका बेटा रितिक गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। गत 31 मई को रितिक स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर जाने के लिए स्कूल से निकला था। उसने आरोप लगाया कि स्कूल से बाहर निकलते ही गोठड़ा निवासी रमन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोक लिया। उसके साथ मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पता चलने के बाद परिजनों ने रितिक को अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

- स्कूल से बाहर निकलते ही गोठड़ा निवासी रमन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसका रास्ता रोक लिया

समस्या मानसून से पहले सिंचाई विभाग की करतूत, साहबी बैराज से छोड़ दिया गया भारी मात्रा में पानी

खेतों के रास्ते गांवों में पहुंचा दूषित पानी कई गांवों के लोगों के लिए बना आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सिंचाई विभाग हर साल मानूसन से पहले सीटीपी का साहबी बैराज में डाला गया पानी आसपास के गांवों की ओर छोड़ देता है। इस बार भी विभाग दो दिन से दूषित पानी छोड़ रहा है, जिसस खेतों के रास्ते यह पानी गांवों की ओर रुख कर गया है। खरखड़ा व खलियावास के साथ-साथ आसपास के गांवों के लिए यह पानी बड़ा खतरा और आफत बन गया है। जागरूक नागरिक प्रकाश खरखड़ा ने सरकार से लेकर एनजीटी तक को पत्र लिखकर विभाग के खिलाफ कार्रवाई व दूषित पानी की समस्या के समाधान की मांग की है।

रेवाड़ी जिले के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का भारी मात्रा में प्रदूषित और जहरीला पानी हर वर्ष बारिश के मौसम से पहले सिंचाई विभाग सहाबी बैराज मसानी से गांवों की तरफ छोड़ देता है। यह पानी सैकड़ों एकड़ निजी कृषि भूमि में भरकर खड़ा हो जाता है, जो वर्तमान में खलियावास व खटावली सहित अन्य गांवों की ओर जा रहा है। इस प्रदूषित पानी से जलवायु प्रदूषण के साथ ही गंभीर समस्या बनने लगी है। लोगों को दूषित माहौल में जीना पड़ रहा है। यह पानी भूमिगत जल में घुलकर उसे भी जहरीला बनाने का काम कर रहा है। जलभराव के कारण किसान फसल बिजाई नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों के खेतों में पानी भरा है, वहां खड़ी फसल बबार्द हो रही हैं। पर्यावरण के लिए भी यह पानी बड़ा खतरा साबित हो रहा है।

धारूहेड़ा। खेत के पास एकत्रित दूषित पानी के पास बैठा किसान तथा मसानी बैराज से छोड़ा जा रहा दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा। एक ट्यूबवेल के पास एकत्रित छोड़ा गया पानी। फोटो : हरिभूमि

एचएसपीसीबी की रिपोर्ट में पानी खराब

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्टों में बार-बार यह साबित हुआ है कि यह पानी पूरी तरह से प्रदूषित और खतरनाक है। इसके आधार पर इन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग इस पानी को खुले में छोड़कर नियमों की उल्लंघना करते हुए ग्रामीणों की सेहत के साथ भी खिलवाड़ कर रहा है।

एनजीटी के आदेशों की भी उल्लंघना

प्रकाश खरखड़ा ने दूषित पानी की समस्या को लेकर एनजीटी में एक याचिका दायर की हुई है। याचिका पर लगातार सुनवाई हो रही है। एनजीटी की ओर से पूर्व में इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग को फटकार भी लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद विभाग दूषित पानी की समस्या को कम करने की बजाय बढ़ाने का काम कर रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 1500/- रु. 2000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260